M.J.C. (Paper - 3)

Date: __/__/__
Page: ______

## ★ भारत के पर्यायवाची नाम
## (Eternity Of Synonyms of Bharat)

### 1. भारत (Bharat)

भारत देश का सबसे प्राचीन और संवैधानिक नाम है। इसका संबंध पौराणिक राजा भरत से माना जाता है, जिसके नाम पर इस देश को भारतवर्ष कहा गया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 में स्पष्ट रूप से लिखा है— "India, that is Bharat", जिससे यह सिद्ध होता है कि भारत और इंडिया दोनों आधिकारिक नाम हैं।

### 2. भारतवर्ष (Bharatvarsha)

भारतवर्ष नाम का उल्लेख वेदों, पुराणों और महाकाव्यों में मिलता है। इसका अर्थ है — भारत की भूमि। यह नाम प्राचीन भारतीय राजनीतिक और सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है। धार्मिक और शास्त्रीय ग्रंथों में भारत के लिए इस नाम का व्यापक प्रयोग हुआ है।

Scanned with OKEN Scanner